>

Title: Need to expedite the construction of a bridge on river Bhutahi-balan in Bihar – laid.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 104 भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन रेखा है तथा यह राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस राजमार्ग के किमी. 194-195 में लौकहा के समीप भुतहीबालान नदी के ऊपर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने के लिए दिनांक 8 फरवरी, 2007 को कंसल्टेन्सी सर्विस बहाल की गई तथा चार महीने के भीतर डीपीआर कार्य सम्पन्न कराने की अवधि निर्धारित की गई थी। लेकिन लगभग 10 महीने बीतने के बाद भी इस पुल का डीपीआर नहीं बनाया जा सका है, जिसके कारण पुल निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। इस पुल के नहीं होने के कारण वर्षा ऋतु में हर वर्ष नदी पार करते समय अनेक लोग बाढ़ के पानी में डूबकर असामयिक मौत के शिकार होते रहते हैं।

मैं चाहूंगा कि लोकहित में इस अति महत्वपूर्ण् राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 104 में भुतहीबालान नदी के ऊपर स्वीकृत उच्चस्तरीय पुल निर्माण के अविलम्बनीय लोक महत्व एवं तात्कालिक आवश्यकता के कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ कराने के लिए सरकार त्वरित सकारात्मक कार्रवाई करें।